

मैंने फिर से गेंदबाजी शुरू कर दी है और जल्द ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने की राह पर हूं। लेकिन मेरे घुटने की चोट हाल ही में फिर से उभर आई है। बोर्ड की मेडिकल टीम चोट का आकलन कर रही हैं लेकिन इसके लिए काफी समय लगेगा। - मो. शमी

टीम इंडिया के गेंदबाज, अपनी चोट को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — स्मृति मंधाना



**मंधाना** ने कहा कि फैंस की भावनाओं के कारण है ये एक अहम मुकाबला बन जाता है। मंधाना ने कहा कि, मेरे हिसाब से भारत और पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता किसी और चीज से ज्यादा फैंस की भावनाओं के बारे में है। ऐसा नहीं होता कि खिलाडी एक दूसरे से बात नहीं करते। ये दोनों देशों की भावनाएं हैं जो इस मैच को अहम बनाती है। मेरे लिए वर्ल्ड कप का हर मैच खास है और हम हर खेल में समान प्रयास करते हैं। लेकिन निश्चित रूप से भारत पाकिस्तान खेलों से बहुत सारी भावनाएं जुडी हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि, विश्व कप में हर गेम अहम है।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेन्द्र तेबु ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टेस्ट कप्तान बनने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

## अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता 16 अक्टूबर से

रायपुर, 2 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ 27वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता 2024 का मेज़बान बनने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित खेल प्रतियोगिता का आयोजन केंद्र सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तत्वावधान में रायपुर में 16 से 20 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के लिए यह आयोजन एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो राज्य की खेल प्रतिभाओं और वन विभाग के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रदर्शित करेगा। इस खेल महोत्सव में देशभर से वन विभाग के खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण 20 अक्टूबर को आयोजित समापन समारोह में पेरिस ओलंपिक 2024 की पदक विजेता और विश्वप्रसिद्ध निशानेबाज मनु भाकर की उपस्थिति होगी, जो खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में राज्य की तैयारियां जोर-शोर से चल रहीं है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव एवं नोडल अधिकारी श्रीमती शालिनी रैना के निर्देशन में राज्य के खिलाड़ी पेशेवर कोचों की देखरेख में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वन परिसर पंडरी, रायपुर में खिलाड़ियों के लिए उच्चस्तरीय आवास और पौष्टिक भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि वे अपनी फिटनेस बनाए रख सकें और सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकें। छत्तीसगढ़ की टीम को इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और संस्थानों के खिलाडियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा, जिसके लिए टीम पूरी तरह से प्रेरित तथा आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख खिलाड़ियों में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी संगीता राजगोपालन का नाम विशेष उल्लेखनीय है, जिन्होंने राज्य के लिए 100 से अधिक स्वर्ण पदक जीतकर गौरव बढ़ाया है।

## भारत दौरे से पहले टिम साउदी ने छोड़ी न्यूजीलैंड की कप्तानी

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। श्रीलंका के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद टिम साउदी ने न्यूजीलैंड के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। भारत दौरे पर 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में टॉम लैथम कप्तानी करेंगे। लैथम ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। लैथम ने इससे पहले 2020 और 2022 के बीच टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली थी। साउदी ने 2022 में केन विलियमसन के बाद टीम की कमान संभाली थी। उन्होंने 14 टेस्ट में टीम का नेतृत्व किया, जिसमें 6 जीत, 6 हार और दो मैच ड्रॉ रहे। न्यूजीलैंड ने गॉल में पहला टेस्ट कड़ा संघर्ष करते हुए गंवा दिया, लेकिन दूसरे टेस्ट में उसे एक पारी से हार झेलनी पड़ी। अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रेटर नोएड में मैच धुल गया था। वहीं उससे पहले कीवी टीम को 2 मैच में शिकस्त मिली। इसके बाद भी टीम 2 मैच हार गई। न्यूजीलैंड को 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत दौरे पर आना है। 16 अक्टूबर से मैच होंगे।

## बाबर आजम ने छोड़ी पाकिस्तान वनडे और टी-20 की कप्तानी

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। पाकिस्तान क्रिकेट में आए दिन कुछ न कुछ होता ही रहता है। फिर चाहे खिलाड़ियों के आपस में मनमुटाव की खबरें हो या पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की तरफ से कोच और स्टाफ को बदलने की खबरें। वहीं अब बाबर आजम ने पाकिस्तान की वनडे और टी20 टीम की कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। बाबर आजम ने पहले भी ऐसा किया था, उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद भी ऐसा ही कुछ किया था लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनको फिर से कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप दी थी, लेकिन एक बार फिर से उन्होंने इस्तीफा देकर सभी को चौंका दिया है। इस बार उन्होंने इस्तीफा देने के पीछे अपनी खराब परफॉरमेंस को जिम्मेदार बताया है। साथ ही कहा है कि वह अपनी बल्लेबाजी पर फोकस करना चाहते हैं। बाबर आजम ने देर रात की गई एक पोस्ट के जरिए अपने फैंस को इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि, प्रिय फैंस, मैं आज आपके साथ कुछ समाचार शेयर कर रहा हूं। मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन को दी गई सूचना के अनुसार पाकिस्तान पुरुष टीम के कप्तान के पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन अब समय आ गया है कि मैं पद छोड़ दूं और अपनी खेल भूमिका पर ध्यान केंद्रित करूं।

## वायुसेना ने यूनाइटेड भारत को हराया

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। मैन ऑफ द मैच अमन खान के शानदार खेल की बदौलत बुधवार को भारतीय वायुसेना ने यूनाइटेड भारत को 3-0 से हराकर डीएसए प्रीमियर लीग में आसान जीत दर्ज की। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मुकाबले में सीनियर डिवीजन से प्रोमोट हुई यूनाइटेड भारत एक बार फिर हार बचाने में नाकाम रही। उसे लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। हालांकि भारतीय वायुसेना ने शुरुआती मिनटों में ही दो गोल की बढ़त बना ली थी लेकिन दूसरे और पांचवें मिनट में अमन खान के गोलों से बढ़त लेने के बाद वायुसेना को तीसरा गोल जमाने में 74 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। अंतत: 79वें मिनट में सौरव ने स्कोर 3-0 किया। जीत के साथ वायुसेना ने तीन मैचों में चार अंक हो गये हैं जबकि यूनाइटेड भारत लगातार तीसरा मैच हार कर जीरो अंक के साथ बारहवें और अंतिम स्थान पर है। गुरुवार को गढ़वाल एफसी और तरुण सांघा के बीच एक बजे तथा रॉयल रेंजर्स बनाम दिल्ली एफसी चार बजे मुकाबला खेला जायेगा।

# बुमराह नंबर वन गेंदबाज, यशस्वी और कोहली की छलांग




दुबई, 2 अक्टूबर। कानपुर टेस्ट में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हमवतन रविचंद्रन अश्विन को पछाड़ते हुए टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। इसके अलावा बल्लेबाजी रैंकिंग में यशस्वी जयसवाल तीसरे पायदान और विराट कोहली छठें स्थान पर पहुंच गये हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार गेंदबाजी में बुमराह 870 अंकों के साथ पहले पायदान पर है। वहीं आर अश्विन 869 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गये है। यह दूसरी बार है जब बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन बने हैं। इससे पहले फरवरी में भी वह नंबर वन गेंदबाज बने थे और वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज थे।

कानपुर टेस्ट में दो अर्धशतकों के साथ प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अब बल्लेबाजो की टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गए हैं, वहीं विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी करते हुए छठे स्थान पर पहुंच गये। कोहली ने कम स्कोरिंग वाले कानपुर टेस्ट में 47 और नाबाद 29 का स्कोर खड़ा किया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ गाले में खेले गए दूसरे टेस्ट में नाबाद 182 रन बनाने वाले कामिंडु मेंडिस अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 11वें स्थान पर हैं, वहीं बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज अब टेस्ट क्रिकेट के शीर्ष पांच ऑलराउंडर्स में शुमार हो गए हैं।

## भारत में पहली बार होगा खो-खो विश्वकप, 24 देश लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। भारत में अगले साल खो-खो विश्व कप का आयोजन किया जायेगा जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश हिस्सा लेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ ने अंतर्राष्ट्रीय खो-खो फेडरेशन के सहयोग से 2025 में भारत में पहले खो खो विश्वकप के आयोजन का ऐलान किया है जिसमें छह महाद्वीपों के 24 देश भाग लेंगे। इसमें 16 पुरुष और 16 महिला टीमें भाग लेंगी।

खो-खो की जड़ें भारत में हैं। आज, यह खेल जो मिट्टी से शुरू हुआ और मैट पर आ गया है और दुनिया भर में 54 देशों के साथ वैश्विक उपस्थिति बना चुका है। विश्व कप से पहले खेल को बढ़ावा देने के लिए भारतीय खो-खो महासंघ 10 शहरों के 200 एलीट स्कूलों में खेल को ले जाने की योजना बना रहा है। महासंघ स्कूली छात्रों के लिए सदस्यता अभियान भी चलाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व कप से पहले कम से कम 50 लाख खिलाड़ियों को पंजीकृत करना है।

भारतीय खो-खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा,हम पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट सिर्फ़ प्रतिस्पर्धा की मिसाल नहीं बनेगा बल्कि यह देशों को एक साथ लाने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दुनिया को खो-खो की सुंदरता और तीव्रता दिखाने का काम करेगा। हमारा अंतिम लक्ष्य 2032 तक खो-खो को ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने की ओर पहला कदम है।

इस टूर्नामेंट में एक हफ़्ते तक चलने वाले मैचों की श्रृंखला होगी, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष-स्तरीय एथलीट अपने कौशल, चपलता और टीमवर्क का प्रदर्शन करेंगे। इस बीच, खो-खो विश्व कप का उद्देश्य इस स्वदेशी भारतीय खेल को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाना है। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट की मेजबानी करके, केकेएफआई 2032 संस्करण तक ओलंपिक खेलों में खो-खो की जगह सुरक्षित करने की इच्छा रखता है।

## सरफराज के दोहरे शतक से मुंबई मजबूत



लखनऊ, 2 अक्टूबर। सरफराज खान (221 नाबाद) के दोहरे शतक की बदौलत मुंबई ने ईरानी कप के पांच दिवसीय मुकाबले के दूसरे दिन बुधवार को शेष भारत के खिलाफ पहली पारी में नौ विकेट पर 536 रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इकाना स्टेडियम पर आज के खेल के हीरो मुंबई के विशेषज्ञ मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज थे जिनका जवाब शेष भारत के किसी भी गेंदबाज के पास नहीं था। यूपी में आजमगढ़ के मूल निवासी सरफराज ने अपने कल के स्कोर 54 रन से आगे खेलना शुरु किया और आज की एक अंतहीन पारी में अपनी पूरी लय में दिखायी दिये। उन्होने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का अपना 14वां शतक शान के साथ पूरा किया।

## सबालेंका ने चीन ओपन में कीज को हराया, शंघाई मास्टर्स में मोनफिल्स जीते




बीजिंग, 2 अक्टूबर। महिलाओं की विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने बुधवार को यहां मैडिसन कीज को सीधे सेट में 6-4, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश करने के साथ ही अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 15 लगातार जीत की बराबरी की। तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने अगस्त में सिनसिनाटी ओपन टूर्नामेंट जीतकर इस सिलसिले की शुरुआत की थी और उन्होंने पिछले महीने अमेरिकी ओपन का खिताब हासिल कर इस विजय अभियान को जारी रखा।

उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी जीता था। इससे पहले सबालेंका ने 2020-21 के सत्र में लगातार 15 मैच जीते थे। 26 वर्षीय सबालेंका अब क्वार्टरफाइनल में चेक गणरज्य की कैरोलिना मुचोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-2, 6-0 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनर का फाइनल में सामना तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से होगा। सिनर और अल्काराज ने इस साल चारों ग्रैंडस्लैम जीते हैं।

दूसरी ओर जारी शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी गेल मोनफिल्स ने दामिर दजुमहुर को 6-4, 6-3 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। 38 वर्षीय मोनफिल्स अगले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज का सामना करेंगे। इसके अलावा आर्थर रिंडरकनेच ने अमेरिका के रीली ओपेल्का को 6-4, 7-6 (5) से तो नीदरलैंड्स के बोटिक वॉन डे जैंड्सचुल्प ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 7-6 (5), 6-2 से हराया। एलेक्जेंडर मुलर ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली के लुका नार्डी को 4-6, 6-1, 6-1 से शिकस्त दी।

## दिवांशी, मुकेश नेलवल्ली ने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक

लीमा, 2 अक्टूबर। भारतीय निशानेबाजों दिवांशी, मुकेश नेलवल्ली ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में दो स्वर्ण पदक जीते। पेरू की राजधानी लीमा में मंगलवार को दिवांशी ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अपने पहले 11 शॉट्स में से सात में चूकने के बावजूद 18 वर्षीय दिवांशी ने संभावित 50 में से 35 का स्कोर दर्ज करने के लिए वापसी की और इटली की क्रिस्टीना मैग्नानी को दो अंकों से पीछे छोड़ दिया। भारतीय निशानेबाज जबरदस्त प्रदर्शन का सामना करने से पहले दोनों निशानेबाज पांच शॉट की अंतिम सीरीज में 31 के स्कोर पर बराबरी पर थे। फ्रांस की हेलोइस फोरे ने 30 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं मुकेश नेलवल्ली ने हमवतन सूरज शर्मा को पीछे छोड़ते हुए पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

## 2025 में ये दो टीमें बिगाड़ सकती है भारत का खेल

नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। भारत ने बांग्लादेश को 2 टेस्ट की सीरीज में पूरी तरह सफाया करके वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की राह आसान कर दी है। अब मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चरण में कुल 10 सीरीज यानी 26 टेस्ट बाकी हैं और फाइनल की रेस मेजदार हो गई है। इस रेस में अनुमान लगाया जा रहा है कि, भारत, ऑस्ट्रेलिया के अलावा श्रीलंका और साउथ अफ्रीका सबसे आगे हैं। जानते हैं कि इन चारों टीमों के फाइनल में पहुंचने की कितनी संभावनाएं हैं? फिलहाल भारत का डब्ल्यूटीसी पर्सेंटेज पॉइंट 74.24 हैं और भारत को कुल 8 टेस्ट खेलने हैं। इसमें से तीन न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में और बाकी 5 ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में हैं। वहीं अगर टीम इंडिया अपने सभी 8 टेस्ट जीत जाता है तो भारत के 85.09 पर्सेंटेज पॉइंट हो जाएंगे। सभी 8 टेस्ट जीतने इतने भी आसान नहीं होंगे। ऐसे में भारत का लक्ष्य होगा कि वो इतने अंक हासिल कर ले कि बिना दूसरी टीमों के नतीजे के डब्ल्यूटीसी फाइनल का टिकट पक्का हो जाए। इसके लिए भारत को बाकी बचे 8 टेस्ट में से कम से कम 4 जीतने ही होंगे।

## कोषाध्यक्ष सहदेव ने अध्यक्ष पीटी उषा के दावों को गलत बताया



नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने आईओए कार्यकारी समिति के सदस्यों के पेरिस ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने के प्रस्ताव पर सहमत नहीं होने के अध्यक्ष पीटी उषा के दावे के लिए उन पर पलटवार करते हुए कहा उनका दावा बिलकुल गलत है। उषा ने सोमवार को कहा था कि ये बेहद चिंताजनक है कि कार्यकारी समिति के सदस्य ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने में विफल रहे और उन्होंने वित्त समिति पर पेरिस खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए दिए जाने वाले कोष को रोकने का आरोप लगाया।

उषा के दावों का खंडन करते हुए सहदेव ने कहा कि, कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है और न ही पेरिस ओलंपिक 2024 के पदक विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए लिखित में कोई आधिकारिक प्रस्ताव है। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के भी अध्यक्ष सहदेव ने उषा पर आईओए संविधान के अनुसार जिम्मेदारी लेने के बजाय झूठ फैलाने और मनगढ़ंत बातें करने का आरोप लगाया।

सहदेव ने आगे कहा कि, हम ये समझ पाने में असफल हैं कि आईओए अध्यक्ष पूरे देश में झूठ क्यों फैला रही हैं। कार्यकारी समिति के सदस्यों को नीचा दिखाने के लिए जबक इसका ना तो कोई सबूत है और ना ही कोई वास्तविक आधार है। उन्होंने कहा कि, उनके बार-बार के प्रयास और प्रस्ताव कुछ और नहीं बल्कि सफेद झूठ हैं जिन्हें अध्यक्ष हर बार मीडिया के सामने मगरमच्छ के आंसू बहाते हुए गढ़ती रहती हैं। पेरिस ओलंपिक खेलों में भारत ने युवा निशानेबाज मनु भाकर के दो कांस्य पदक सहित कुल 6 पदक जीते लेकिन उषा ने कहा कि, कार्यकारी समिति उनकी सफलता का जश्न नहीं मनाना चाहती हैं।

## पीएम मोदी से मिलकर खिल उठे क्रिस गेल



नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। गेल ने खुद मुलाकात का वीडियो शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने पीएम मोदी को हाथ जोड़कर नमस्ते किया। गेल के नमस्ते पर भारतीय फैंस अपना दिल हार गए। उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ हो रही है। बता दें कि पीएम मोदी और जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के बीच मंगलवार को नई दिल्ली स्थिति हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक हुई। जमैका में जन्मे गेल हैदराबादस हाउस में ही भारतीय प्रधानमंत्री से मिले।

होलनेस ने पीएम मोदी को जो बल्ला गिफ्ट किया, उस पर गेल का साइन था। 45 वर्षीय गेल ने मुलाकात का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जमैका टू इंडिया वन लव। वहीं पीएम मोदी ने होलनेस से बैठक के बाद कहा कि, भारत और जमैका के संबंध हमारे साझा इतिहास, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जन आधारित संबंधों पर आधारित हैं। हमारे संबंधों को कल्चर, क्रिकेट, कामनवेल्थ और कैरीकॉम अंकित करते हैं।

## नीरज की मां के हाथ का बना चूरमा खाकर मोदी हुये भावुक



नयी दिल्ली, 2 अक्टूबर। भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा की माँ के हाथ का बना स्वादिष्ट व्यंजन चूरमा खाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावुक हुये। इस विशेष मुलाकात चूरमा खाने के बाद श्री मोदी ने नीरज की मां को एक पत्र लिखा और उनका धन्यवाद किया। कल जमैका के प्रधानमंत्री जी की भारत यात्रा के अवसर पर आयोजित भोज में मुझे भाई नीरज से मिलने का अवसर मिला। उनसे चर्चाओं के बीच मेरी खुशी तब और बढ़ गई, जब उन्होंने मुझे आपके हाथों से बना स्वादिष्ट चूरमा दिया। आज इस चूरमे को खाने के बाद आपको पत्र लिखने से खुद को रोक ना सका। भाई नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं, लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया। आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इस उपहार ने मुझे मेरी मां की याद दिला दी।

## आर्मी रेड ने कानोता को 10 गोल से और जयपुर यूएसपीए ने क्राईसिल पोलो को सात गोलों से हराया



क्राईसिल टीम के खिलाड़ी अलबेरदी को शॉट लगाने से रोकते हुए जयपुर यूएसपीए के खिलाड़ी पदमनाभ सिंह। - जाकिर हुसैन

जयपुर ,2 अक्टूबर। 61कैवेलरी मैदान पर खेले गये मैच में आर्मी रेड ने कानोता पोलो टीम को 6.5 के मुकाबले 10 गोलों से हराया। आर्मी रेड की ओर से मुकेश गुर्जर ने 5, कर्नल विशाल चौहान ने 3 और गोनजालों यनजोन ने 2 गोल किये। वहीं कानोता पोलो टीम को 2.5 गोल की बढ़त मिली। सलीम आजमी ने एक और गौरव सहगल ने तीन गोल किये। दूसरे मैच राजस्थान पोलो मैदान पर जयपुर यूएसपीए ने क्राईसिल पोलो टीम को 4 गोल के मुकाबले 7 गोलों से हराया। जयपुर यूएसपीए की ओर से हिम्मत सिंह बेदला ने पांच गोल, लांस वॉटसन और महाराजा सवाई पदमनाभ सिंह ने 1-1 गोल किये। वहीं क्राईसिल पोलो की ओर से बहेतरीन खिलाड़ी शमशीर अली पूरी टीम को संभालते नजर आये, केवल अलबेरदी ने 4 गोल किये।

## टी-20 वर्ल्डकप में टकराएंगी भारत-पाक की टीम




नई दिल्ली, 2 अक्टूबर। आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आगाज 3 अक्टूबर से होगा। पहला मैच बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच होगा। वहीं, भारतीय महिला टीम अपने पहले मैच में 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। ये मुकाबला दुबई में खेला जाएगा। हालांकि, फैंस को भारत और पाकिस्तान मैच का बेसब्री से इंतजार है। भारत और पाकिस्तान महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 रविवार 6 अक्टूबर को खेला जाएगा।

भारत और पाकिस्तान महिला टी20 वर्ल्ड कप मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा भारत और पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप मैच दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया की शीर्ष 10 टीमें दो समूहों में तीन से 20 अक्टूबर तक खिताब के हासिल करने के लिए स्पर्धा करेंगी। सभी टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में ग्रुप स्टेज मुकाबले खेलने के बाद, प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम रिकॉर्ड छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है। वहीं ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड है।